www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
26 जून 2023, नोएडा, नगर संस्करण

वर्ष 88, अंक 150, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.50 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 ● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

टीम इंडिया की 'दीवार' चेतेश्वर पुजारा दलीप ट्रॉफी में खेलेंगे

P-14

पर्थला गोलचक्कर पर रविवार को उद्घाटन के बाद सिग्नेचर ब्रिज पर फर्राटा भरते वाहन। ● हिन्दुस्तान

सुविधा : पर्थला सिग्नेचर ब्रिज पर दौड़े वाहन

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। पर्थला गोलचक्कर पर सिग्नेचर ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को किया। इसके खुलने से नोएडा से ग्रेनो वेस्ट किसान चौक की तरफ आने-जाने वालों की राह आसान हो गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नोएडा-ग्रेनो की 1718 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

ढाई साल के इंतजार के बाद पर्थला गोलचक्कर पर सिग्नेचर ब्रिज आमजन के लिए रविवार को खुल गया। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि मास्टर प्लान रोड नंबर-तीन पर यह सिग्नेचर ब्रिज 84 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह फ्लाईओवर दिल्ली के सिग्ननेचर ब्रिज की तर्ज पर बनवाया गया है। फ्लाईओवर तीन पिलर और 28 केबिल पर टिका है। इन 28 तारों में 250 केबल लगाए गए हैं। केबल ससपेन्शन ब्रिज की लंबाई 154 मीटर है। सिग्नेचर ब्रिज के साथ-साथ नीचे गोलचक्कर पर भी ट्रैफिक निकलना शुरू हो गया है। ऐसे में अब यहां पर जाम बीते समय की बात होगी।

05 लाख से अधिक लोगों को ब्रिज से फायदा

84 करोड़ इसको बनाने पर खर्च हुए 23 केबिल पर टिका है ब्रिज

इनको होगा फायदा

इससे सेक्टर-51, 52, 61, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121, 122 के रहने वालों को काफी फायदा मिलेगा। वहीं दिल्ली से सरिता विहार से गाजियाबाद, हापुड़ और ग्रेटर नोएडा वेस्ट आने-जाने के लिए उक्त चौराहे पर बिना लाल बत्ती के सीधे पहुंच सकते हैं। इसके निर्माण से ग्रेनो वेस्ट में रहने वाले कई लाख लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

डीएनडी से सेक्टर-56 तक सफर आसान

डीएनडी से सेक्टर-56 तिराहे तक भी सफर आसान हो गया है। डीएनडी से नोएडा स्टेडियम तक के रास्ते को सिग्नल फ्री कर यू-टर्न बना दिए गए हैं। पहले यह रास्ता मास्टर प्लान रोड नंबर-1 के जाना जाता था। मुख्यमंत्री ने इसका नाम रामनाथ गोयनका कर दिया।

एडवेंट अंडरपास शुरू होने में अभी पांच दिन लगेंगे

शहर में ट्रैफिक की राह आसान करने के लिए नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर बने सेक्टर-142 एडवेंट अंडरपास का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया। इसका अभी कुछ काम बचा है। ऐसे में इसको खुलने में चार-पांच दिन और लगेंगे। इसके बनने से सेक्टर-135, 136, 137, 141, 142, 167 और 168 के अलावा गढ़ी शहदरा, वाजीदपुर, मंगरौली, छपरौली आदि गांवों में रहने वालों को काफी फायदा होगा।